University in News on 22 August 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि के दीक्षांत समारोह में होंगी इंटर हॉस्टल प्रतियोगिताएं

लखनऊ। लविवि में 16 सितंबर को दीक्षांत समारोह प्रस्तावित है। 11 सितंबर से विद्यार्थियों की इंटर हॉस्टल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समारोह में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल 100 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खेल किट भी बांटेंगी।

दीक्षांत के साथ ही दो सितंबर को प्रस्तावित नवीन द्वारों व फार्मेसी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर कुलपति प्रो. आलोक राय ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में राज्यपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगी। बैठक में कुलपति ने राज्यपाल के मिनट टू मिनट कार्यक्रम पर भी चर्चा की। 11 सितंबर से विवि में सांस्कृतिक आयोजन और खेल गतिविधियों की शुरूआत होगी। हालांकि इस दौरान कक्षाएं नियमित चलती रहेंगी। बैठक में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, प्रो. संगीता साहू, प्रो. आरके सिंह व सभी विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे। (संवाद)

लविवि : ऑनलाइन बीकॉम व एमकॉम में आवेदन शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन बीकॉम व एमकॉम कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू हो गए। अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

लखनऊ विवि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केंद्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि जो छात्र रेग्युलर कोर्स में दाखिला नहीं ले पाए हैं, उनके लिए ऑनलाइन पाठ्यक्रम में प्रवेश बेहतर अवसर है। प्रो. भार्गव ने बताया कि इन उपाधियों की मान्यता लविवि की रेग्युलर उपाधियों के ही बराबर है। प्रवेश के लिए सीटों की कोई बाध्यता नहीं है। बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे।

पाठ्यक्रमों की फीसः
- बीकॉम- पांच हजार रुपये (प्रति सेमेस्टर)
- एमकॉम- आठ हजार रुपये (प्रति सेमेस्टर)

पीजी के 29 कोर्सों में दूसरा व तीसरा सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि ने बुधवार को परास्नातक के कई कोर्सों में सीट आवंटन जारी कर दिया। अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड से सीट आवंटन से जुड़ा विवरण देख सकते हैं। प्रवेश विभाग की तरफ से जारी पत्र में एमए एजुकेशन, एमए, एमएससी स्टैटिस्टिक्स और एलएलएम कोर्स में प्रवेश के लिए दूसरा सीट आवंटन जारी किया गया है। जबकि एमए सोशियोलॉजी, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, हिंदी, अंग्रेजी समेत 26 अन्य पीजी कोर्स के लिए तीसरा सीट आवंटन जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी 24 अगस्त तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा कर सकते हैं। (संवाद)

शोध पुरस्कार के लिए कल तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बूस्ट स्कीम के तहत दिए जाने वाले शोध पुरस्कार के आवेदन करने की तिथि बढ़ा दी है। अब शिक्षण उद्दीपन और प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए शिक्षक 23 अगस्त तक आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म लविवि की वेबसाइट पर भरा जा सकता है। लविवि के डीन रिसर्च प्रो. एमएम वर्मा ने पत्र जारी करते हुए आवेदन तिथि में विस्तार की जानकारी दी। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, आवेदन तिथि में विस्तार को लेकर डीन की ओर से कुलपति को पत्र भेजा गया था। जिस पर कुलपति ने अपनी सहमति दे दी है और कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में पत्र भी जारी कर दिया है। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम के आवेदन शुरू

प्रवेश प्रक्रिया

- सिर्फ भारतीय नागरिक कर सकेंगे आवेदन, प्रवेश के लिए सीटों की बाध्यता नहीं

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की शुरूआत हो गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में एलयू ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक की ओर से निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

एलयूसीओडीई निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि एलयू में ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आरंभ कर दिए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा।

यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रो. भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है। प्रवेश के लिए सीटों की बाध्यता नहीं है। प्रो. पीयूष के मुताबिक विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन मिलेगा।

अगले सत्र से चार कोर्स में ऑनलाइन पीजी

एलयू में आगामी सत्र से कई पाठ्यक्रमों में परास्नातक, स्नातक की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसमें अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास और अर्थशास्त्र में परास्नातक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिसे विद्या परिषद और कार्य परिषद की मंजूरी भी मिल चुकी है।

16 सितंबर को दीक्षांत

लखनऊ विश्वविद्यालय में 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत के मद्देनजर 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पहले से अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम करेंगे। यह निर्देश कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दिए। वह एलयू में बुधवार को 67वें दीक्षांत की तैयारी की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में कुलपति ने निर्देश दिए कि आयोजन इस तरह हों कि कक्षाएं बाधित नहीं हों।

एलयूः छह छात्रों का 7.56 लाख सालाना पर चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के छह छात्रों का ग्लोबल लीडिंग कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि गाबा टेलीसाइकेत्री कंपनी में बीसीए की छात्रा तान्या को प्लेसमेंट सिक्योरिटी एंड मार्केटिंग स्पेशलिस्ट के पद पर 7.56 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित किया गया। जापानी एमएनसी कंपनी, एनटीटी डेटा मे बीटेक के छात्र प्रत्युश श्रीवास्तव का पांच लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयन हुआ।

एलयू में बूस्ट योजना के लिए अब 23 तक आवेदन

लखनऊ। एलयू में बूस्ट योजना के तहत पुरस्कार पाने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अब 23 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अधिष्ठाता शोध के प्रस्ताव पर तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त निर्धारित की गई थी। अधिक जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं एलयू की वेबसाइट देख सकते हैं।

एलयूः पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए 31 तक अवकाश

लखनऊ। एलयू में यूपी पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के मद्देनजर 31 अगस्त तक छात्र-छात्राओं का अवकाश घोषित कर दिया गया है। इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विवि को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जानकारी के अनुसार 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

DAINIK JAGRAN PAGE 4

परीक्षा केंद्र बने विश्वविद्यालय और कालेजों में 31 तक छुट्टी

जासं • लखनऊः उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के लिए डा. राम मनोहर लोहिया नेशनल ला यूनिवर्सिटी, डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, केएमसी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे जुड़े 16 महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया है। 21 से 31 अगस्त तक परीक्षा केंद्र बने संस्थानों में अवकाश घोषित रहेगा। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डा. सुधीर कुमार ने संस्थानों के लिए निर्देश जारी किया है। वहीं, लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कालेजों में अवकाश से संबंधी निर्देश जारी किए हैं।

यहां आनलाइन कक्षाएं

31 अगस्त तक डा. राम मनोहर लोहिया नेशनल ला यूनिवर्सिटी में अवकाश के दौरान छात्रों की आनलाइन मोड में पढ़ाई होगी। डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में भी आनलाइन कक्षाएं चलेंगी।

i-NEXT PAGE 4

आवेदन से पहले बनाएं डीईबी पोर्टल पर आईडी

मिशन एडमिशन

CONCEPT PIC

LUCKNOW (21 AUG): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सत्र 2024-25 के लिए बीकाम और एमकाम आनलाइन कोर्सों के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू कर दी है. इस बार यूनिवर्सिटी ने यूजीसी की ओर से आनलाइन कोर्सों के लिए जारी संशोधित गाइडलाइन के क्रम में अपनी प्रक्रिया मे भी थोड़ा बदलाव किया है.

लखनऊ यूनिवर्सिटी में बीकाम और एमकाम के आनलाइन कोर्स में करें आवेदन

डीईबी पार्टल पर आईडी

अब आनलाइन कोर्सों में एडमिशन के लिए आवेदन से पहले अभ्यर्थी को डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) पोर्टल पर अपनी एबीसी और डीईबी आईडी बनानी होगी. उसके बाद ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किए जा सकेंगे.

यूजीसी के निर्देश पर

विश्वविद्यालय सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूकोड) के डायरेक्टर प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि यूजीसी के निर्देश पर इस बार आनलाइन आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है. इसकी विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड की जा रही है. आनलाइन आवेदन फीस 250 रुपये है, जो अभ्यर्थी रेगुलर यूनिवर्सिटी नहीं आ सकते, उनके लिए यह प्रोग्राम अच्छा है. इन कोर्सों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा.

ये होगी फीस
- बीकाम: 5000 रुपये प्रति सेमेस्टर
- एमकाम: 8000 रुपये प्रति सेमेस्टर

जल्द शुरू होंगे ये ऑनलाइन कोर्स

- पीजी स्तर पर अंग्रेज, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, बीबीए सहित अन्य कोर्स.
- एमबीए में फाइनेंस, मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस और एमएसडब्ल्यू कोर्स.

पिछले वर्ष कम हुए एडमिशन

गौरतलब है कि लखनऊ यूनिवर्सिटी में पिछले वर्ष बीकाम और एमकाम आनलाइन मोड में देर से एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हुई थी. बीकाम में नौ और एमकाम में 48 छात्रों ने एडमिशन लिया था. इस बार आनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया में स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ सकती है. लखनऊ यूनिवर्सिटी के आनलाइन प्रोग्राम में सिलेबस रेगुलर कोर्स जैसे हैं.

स्वामी विवेकानंद की मूर्ति लगाने की मांग

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों ने लखनऊ यूनिवर्सिटी परिसर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति लगाने की मांग की है. इसे लेकर बुधवार को उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ और हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी को ज्ञापन दिया. परिषद के जिला संयोजक अमन सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद भारत ही नहीं, पूरे विश्व के युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं. उनकी मूर्ति गेट नंबर तीन पर लगने से छात्रों को वैचारिक मजबूती मिलेगी. परिसर में वसुधैव कुटुम्बकम जैसा वातावरण बनेगा. इकाई अध्यक्ष जयंत राय, इकाई मंत्री जतिन शुक्ला, कुसुम कनौजिया, तन्वी तिवारी, आराध्य सिंह आदि मौजूद रहे.

एलयू और कॉलेजों में 31 तक रहेगी छुट्टी

डीएम के आदेश के बाद कुलसचिव ने जारी किए निर्देश

LUCKNOW (21 AUG): उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के फिर से आयोजन के लिए केंद्र बनाए गए लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में बुधवार से 31 अगस्त तक का अवकाश घोषित किया गया है. डीएम के आदेश पर लखनऊ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने अवकाश संबंधी निर्देश जारी किए हैं.

दो शिफ्ट में एग्जाम

कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि 23, 24, 25, 30 व 31 अगस्त को आरक्षी पुलिस नागरिक पदों पर भर्ती के लिए दो पालियों में लिखित परीक्षा होनी है. पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी. इसलिए कुलपति के आदेश पर निर्धारित परीक्षा केंद्रों लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालयों में स्टूडेंट्स का 31 अगस्त तक अवकाश रहेगा.

1 सितंबर से शुरू होंगी क्लास

परीक्षा अवधि में किसी भी प्रकार की कोई गतिविधि संचालित नहीं होगी. उन्होंने बताया कि जिन कालेजों के टीचर्स की ड्यूटी परीक्षा केंद्रों पर लगाई गई है, उन कालेजों के प्रिंसिपल शिक्षकों की उपलब्धता व अनुपलब्धता की स्थिति में सुविधानुसार आवश्यक निर्णय ले सकते हैं. 1 सितंबर से विश्वविद्यालय सहित संबंधित कालेजों में पठन-पाठन की गतिविधियां पूर्व की तरह संचालित होंगी.

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू

लखनऊ। लविवि में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की व े ब स ा इ ट www.lkouniv.ac.in के जरिये आवेदन किया जा सकता हैं।

लविवि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक प्रो पीयूष भार्गव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आरंभ कर दिए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा। यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रो. भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है। कक्षाओं का पीडीएफ और वीडियो उपलब्ध होगा। बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन ही किया जाएगा। छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। परीक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से कराई जाएंगी। एमकॉम के लिए चार सेमेस्टर (दो वर्ष) पास करने होंगे।

पाठ्यक्रमों की फीसः बीकॉम- पांच हजार रुपए (प्रति सेमेस्टर)
एमकॉम- आठ हजार रुपए (प्रति सेमेस्टर)

इन विषयों की होगी पढ़ाई : आगामी सत्र से कई पाठ्यक्रमों में परास्नातक और स्नातक की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसमें अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास और अर्थशास्त्र में परास्नातक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

उत्सव के दौरान कक्षाएं न हो बाधित : प्रो. आलोक राय

विशेष संवाददाता (vol)

- लविवि कुलपति ने विवि के द्वितीय परिसर के गेट उद्घाटन और दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक
- बैठक में मिनट टू मिनट कार्यक्रम की रूपरेखा की गयी तैयार

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के नेतृत्व में 02 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 01 और द्वार संख्या 02 तथा नए फार्मेसी भवन के आगामी उद्घाटन की प्रगति और 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की समीक्षा के लिए बुधवार को अहम बैठक आयोजित हुई।

कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन से संबंधित तैयारी, मिनट टू मिनट कार्यक्रम की समीक्षा की। राज्यपाल का कार्यक्रम 02 सितंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे। उन्होंने इस उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, कार्यक्रम के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि धन्यवाद ज्ञापन प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा दिया जाएगा। प्रो. राय ने 16 सितंबर को प्रस्तावित 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न दीक्षांत समारोह समितियों के सदस्य के नामों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की रूपरेखा तय की गयी। इस उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ये आयोजन इस तरह से किये जायेंगे कि कक्षाएं बाधित नहीं हो। कुलपति ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में विभिन्न खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता, नृत्य, संगीत का आयोजन किया जाएगा। कुलसचिव द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई। इस बैठक में सभी संकायाध्यक्ष, निदेशक, कुलसचिव, वित्त अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय : बीकाम और एमकाम के आनलाइन कोर्स में आवेदन शुरू

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 के लिए बी.काम और एम.काम आनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू कर दी है। इस बार विश्वविद्यालय ने यूजीसी की ओर से आनलाइन पाठ्यक्रमों के लिए जारी संशोधित गाइडलाइन के क्रम में अपनी प्रक्रिया में भी थोड़ा बदलाव किया है। अब आनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन से पहले अभ्यर्थी को डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी) पोर्टल पर अपनी एबीसी और डीईबी आइडी बनानी होगी। उसके बाद ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर आवेदन किए जा सकेंगे।

लवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दीक्षा समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को बैठक आयोजित की • सौजन्य से लवि

विश्वविद्यालय सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन (एलयूकोड) के डायरेक्टर प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि यूजीसी के निर्देश पर इस बार आनलाइन आवेदन प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। इसकी जानकारी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर अपलोड की जा रही है। आनलाइन आवेदन शुल्क 250 रुपये है। जो अभ्यर्थी रेगुलर रूप से विश्वविद्यालय नहीं आ सकते, उनके लिए यह प्रोग्राम अच्छा है। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा। प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है।

जल्द शुरू होंगे ये कोर्स : यूजीसी से एनओसी मिलते ही विश्वविद्यालय कई और आनलाइन कोर्स शुरू करेगा। इनमें पीजी स्तर पर अंग्रेज, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, बीबीए सहित अन्य कार्यक्रम शामिल हैं। एमबीए में फाइनेंस, मार्केटिंग, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस और एमएसडब्ल्यू भी आनलाइन मोड में शुरू किए जाएंगे।

पिछले वर्ष कम प्रवेशः पिछले वर्ष बीकाम और एमकाम आनलाइन मोड में देर से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हुई थी। बी.काम में नौ और एम.काम में 48 छात्रों ने प्रवेश लिया था। इस बार आनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया में छात्रों की संख्या बढ़ सकती है। विश्वविद्यालय के आनलाइन प्रोग्राम में सिलेबस रेगुलर कोर्स की तरह है।

16 सितंबर को दीक्षा की तैयारी

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में दो सितंबर को नए गेट और फार्मेसी भवन का उद्घाटन होगा। 16 सितंबर को 67 वां दीक्षा समारोह होगा। दोनों कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. आलोक राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उद्घाटन समारोह दो सितंबर को होगा। इसमें कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में देंगी। 11 सितंबर से दीक्षा समारोह के अंतर्गत एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। उत्सव प्रभात फेरी से शुरू होगा और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कार्यक्रम होंगे। इस दौरान नियमित कक्षाएं भी चलेंगी। विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता, नृत्य और संगीत जैसी गतिविधियां होंगी।

बी.काम और एम.काम की ये होगी फीस

बी.काम के लिए पांच हजार रुपये प्रति सेमेस्टर और एम.काम के लिए आठ हजार रुपये प्रति सेमेस्टर फीस होगी।

ऐसे होगी पढ़ाई

बी.काम की डिग्री के लिए छह सेमेस्टर उत्तीर्ण करने होंगे। प्रत्येक सेमेस्टर में छह विषय होंगे, जिनका कोर्स लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर बी.काम की तरह ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो आनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्या व प्रश्नों का समाधान शिक्षक आनलाइन ही करेंगे। छह महीने में सिर्फ सेमेस्टर परीक्षा देने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। एम.काम के लिए चार सेमेस्टर उत्तीर्ण करने होंगे।

AMRIT VICHAR PAGE 5

समीक्षा बैठक में जानकारी लेते कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय।

कुलपति ने की दीक्षांत समारोह की तैयारियों की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में नवनिर्मित द्वार संख्या 1 और 2 सहित नए फार्मेसी भवन का उद्घाटन 2 सितंबर और विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 16 सितंबर को प्रस्तावित है। दोनों आयोजनों की तैयारियों की प्रगति जानने के लिए बुधवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने समीक्षा बैठक आयोजित की।

विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नवनिर्मित दोनों द्वार का उद्घाटन 2 सितंबर को कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस मौके पर राज्यपाल आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में देंगी। बैठक में कुलपति ने उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, कार्यक्रम के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। इसके अलावा 16 सितंबर को प्रस्तावित 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी की भी समीक्षा की। साथ ही 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की योजना बनाई गई। इस उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

LOKSATYA PAGE 3

दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह एलयू में होगा उत्सव

लखनऊ,लोकसत्य। 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह एलयू में भव्य उत्सव होगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बुधवार को समारोह की समीक्षा की। उन्होंने 2 सितंबर को लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 1और द्वार संख्या 2 तथा नए फार्मेसी भवन के आगामी उद्घाटन की प्रगति और 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। कुलाधिपति एवं राज्यपाल का कार्यक्रम 02 सितंबर को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे के बीच प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे। उन्होंने इस उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, कार्यक्रम के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि धन्यवाद ज्ञापन प्रति-कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा दिया जाएगा। प्रो.राय ने 16 सितंबर को प्रस्तावित 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न दीक्षांत समारोह समितियों के सदस्य के नामों को अंतिम रूप दिया गया।

साथ ही 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की योजना बनाई गई । इस उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

PIONEER PAGE 3

ग्यारह सितम्बर से शुरू होगा लविवि का दीक्षांत सप्ताह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय में 11 सितंबर से दीक्षांत सप्ताह शुरू होगा। समारोह की तैयारियों को लेकर बुधवार को विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विभिन्न दीक्षांत समारोह समितियों के सदस्य के नामों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही 11 सितंबर, 2024 से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की योजना को अनुमोदन दिया गया। दीक्षांत सप्ताह उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। बैठक में कुलपति ने निर्देश दिया कि ये आयोजन इस तरह से किये जायेंगे कि कक्षाएं बाधित नहीं हो। कुलपति ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में विभिन्न खेल गतिविधियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता, नृत्य, संगीत का आयोजन किया जाएगा।

दो सितंबर को फार्मेसी भवन का उद्घाटन करेंगी राज्यपाल

दो सितंबर को प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 1और द्वार संख्या 2 तथा नए फार्मेसी भवन का उद्घाटन करेंगी। कुलपति ने बताया कि उद्घाटन समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे। उन्होंने इस उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट टू मिनट कार्यक्रम, कार्यक्रम के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि धन्यवाद ज्ञापन प्रति-कुलपति प्रो. मनुका खन्ना द्वारा दिया जाएगा।

एलयू में ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। दाखिले के इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट के जरिए आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आरंभ कर दिए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा। यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रो. भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है। कक्षाओं का पीडीएफ और वीडियो उपलब्ध होगा। बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन ही किया जाएगा। छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। परीक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से कराई जाएंगी। एमकॉम के लिए चार सेमेस्टर (दो वर्ष) पास करने होंगे।

पाठ्यक्रमों की फीसः बीकॉम- पांच हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर), एमकॉम- आठ हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर)

अगले सत्र से शुरू होंगे कई कोर्सः आगामी सत्र से कई पाठ्यक्रमों में परास्नातक और स्नातक की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसमें अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास और अर्थशास्त्र में परास्नातक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिसे विद्या परिषद और कार्य परिषद की मंजूरी भी मिल चुकी है।

AMRIT VICHAR PAGE 5

ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लविवि
- रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पाने वाले विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के जरिए आवेदन किया जा सकता हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन शुरू कर दिए गए हैं। यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रो. भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लखनऊ विश्वविद्यालय की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है।

पाठ्यक्रमों की फीस
- बीकॉम : 5 हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर)
- एमकॉम - 8 हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर)

व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो उपलब्ध होगा

प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने बताया कि बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन ही किया जाएगा। छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। परीक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से कराई जाएंगी। एमकॉम के लिए चार सेमेस्टर (दो वर्ष) पास करने होंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 छात्रों को प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 6 छात्रों का ग्लोबल लीडिंग कंपनियों मे प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि गाबा टेलीसाइकेत्री कंपनी मे बीसीए की छात्रा तान्या का प्लेसमेंट सिक्योरिटी एंड मार्केटिंग स्पेशलिस्ट के पद पर 7.56 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। जापानी एमएनसी कंपनी, एनटीटी डेटा मे बीटेक के छात्र प्रत्युश श्रीवास्तव का प्लेसमेंट आईटी डेवलपमेंट प्रोग्रामर के पद पर 5 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही टेक बीआरजे कंपनी मे बीटेक के छात्र सिद्धार्थ मिश्रा का फ्रंट एन्ड डेवलपर के पद पर 4 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। याजाकी इंडिया कंपनी मे बीटेक के तीन छात्रों अश्वनी निगम, हर्ष मिश्रा और अक्षत कश्यप का रिसर्च एंड डेवलपर के पद पर 4 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

TOI PAGE 2

Events to keep LU convocation week abuzz

Times News Network

Lucknow: The 67th convocation ceremony of Lucknow University will be held on Sept 16.

On the occasion, Governor and Chancellor of state universities, Anandiben Patel, will inaugurate LU's Gate Nos 1 and 2, as well as a new pharmacy building on LU's second campus.

A meeting for convocation ceremony preparation was held at LU on Wednesday, in which names of the members of various convocation committees were finalised. Also, a week-long celebration has been planned, beginning Sept 11.

The celebration will begin with 'Prabhat Pheri' and all the departments of the university will organise different programmes.

The convocation week will witness various sports activities, cultural programmes, inter-hostel competitions, dance, and music that will be organised on both campuses.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन प्रारम्भ

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 के अंतर्गत ऑनलाइन स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के जरिए आवेदन किया जा सकता हैं। लविवि ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र (एलयूसीओडीई) के निदेशक प्रो.पीयूष भार्गव ने बताया कि ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम के लिए आवेदन आरंभ कर दिए गए हैं। इन पाठ्यक्रमों में कोई भी भारतीय नागरिक आवेदन करने का पात्र माना जाएगा। यह उन छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर है जो किन्हीं कारणवश रेगुलर पाठ्यक्रमों में दाखिला नहीं पा सके। ऐसे सभी अभ्यर्थी ऑनलाइन बीकॉम और एमकॉम पाठ्यक्रम में एडमिशन लेकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं। प्रो.भार्गव का कहना है कि इन उपाधियों की मान्यता लविवि की रेगुलर उपाधियों के ही बराबर है। उन्होंने बताया कि प्रवेश के लिए किसी भी तरह सीटों की बाध्यता नहीं रखी गई है। कक्षाओं का पीडीएफ और वीडियो उपलब्ध होगा। बीकॉम उपाधि के लिए विद्यार्थियों को छह सेमेस्टर (तीन वर्ष) पास करने होंगे। हर सेमेस्टर में छह विषय होंगे जिनका पाठ्यक्रम लविवि के रेगुलर बीकॉम जैसा ही है। विद्यार्थियों को सभी व्याख्यान का पीडीएफ और वीडियो ऑनलाइन ही उपलब्ध कराया जाएगा। उनकी समस्याओं और प्रश्नों का समाधान भी शिक्षकों की ओर से ऑनलाइन ही किया जाएगा। छह माह में मात्र सेमेस्टर परीक्षा के लिए ही विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय आना होगा। परीक्षाएं प्रत्यक्ष रूप से लिखित माध्यम से कराई जाएंगी। एमकॉम के लिए चार सेमेस्टर (दो वर्ष) पास करने होंगे।

पाठ्यक्रमों की फीस

बीकॉम-पांच हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर)
एमकॉम-आठ हजार रूपये (प्रति सेमेस्टर)
आगामी सत्र से कई पाठ्यक्रमों में परास्नातक और स्नातक की ऑनलाइन पढ़ाई शुरू की जाएगी। इसमें अंग्रेजी, संस्कृत, प्राचीन भारतीय इतिहास और अर्थशास्त्र में परास्नातक कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। जिसे विद्या परिषद और कार्य परिषद की मंजूरी भी मिल चुकी है।

एलयू छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के 6 छात्रों का ग्लोबल लीडिंग कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ.हिमांशु पांडेय ने बताया कि गाबा टेलीसाइकेत्री कंपनी में बीसीए की छात्रा तान्या का प्लेसमेंट सिक्योरिटी एंड मार्केटिंग स्पेशलिस्ट के पद पर 7.56 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। जापानी एमएनसी कंपनी, एनटीटी डेटा में बीटेक के छात्र प्रत्युश श्रीवास्तव का प्लेसमेंट आईटी डेवलपमेंट प्रोग्रामर के पद पर 5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही टेक बीआरजे कंपनी में बीटेक के छात्र सिद्धार्थ मिश्रा का फ्रंट एण्ड डेवलपर के पद पर 4 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ।

लविवि के ६७वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों पर मंथन

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय के नेतृत्व में आगामी 2 सितंबर को लविवि के द्वितीय परिसर में द्वार संख्या 1 व 2

दो नये द्वार व फार्मेसी भवन का राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

और नए फार्मेसी भवन के उद्घाटन की प्रगति और आगामी 16 सितंबर को प्रस्तावित दीक्षांत समारोह की समीक्षा के लिए एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल द्वारा किए जाने वाले उद्घाटन से संबंधित तैयारी, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम की समीक्षा की। कुलाधिपति का कार्यक्रम 2 सितंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे के बीच प्रस्तावित किया गया। उन्होंने बताया कि इस उद्घाटन

समारोह में कुलाधिपति द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को 100 किट उपहार में दिये जायेंगे। उन्होंने इस उद्घाटन के रूट प्लान, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, आयोजन के स्वयंसेवकों, जलपान और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की भी समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि धन्यवाद ज्ञापन प्रतिकुलपति प्रो.मनुका खन्ना द्वारा दिया जाएगा। बैठक में प्रो.आलोक कुमार राय ने 16 सितंबर को प्रस्तावित 67वें दीक्षांत समारोह की तैयारी की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में विभिन्न दीक्षांत समारोह समितियों के सदस्य के नामों को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही 11 सितंबर से दीक्षांत समारोह की तारीख तक एक सप्ताह लंबे उत्सव की योजना बनाई गई। इस उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी से होगी और फिर विश्वविद्यालय के सभी विभाग पूर्व अनुमति लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ये आयोजन इस तरह से किये जायेंगे कि कक्षाएं बाधित न हो। कुलपति ने बताया कि लविवि के दोनों परिसरों में विभिन्न खेल गतिविधियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, अंतर-छात्रावास प्रतियोगिता, नृत्य, संगीत का आयोजन किया जाएगा।